# सर्वोच्च स्तर पर रक्षा निर्यात : मंत्रालय

- 2029 तक 50,000 करोड़ रक्षा निर्यात का लक्ष्य
- 38424 करोड़ के सामग्रियां बेची गईं



**नई दिल्ली, 02 अप्रैल. भारत ने अपने रक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है. वित्त वर्ष 2025-26 में देश का रक्षा निर्यात 38,424 करोड़ तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 62.66प्रतिशत अधिक है.**

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार एक वक्तव्य में कहा कि यह राशि पिछले वित्त वर्ष के 23,622 करोड़ रुपए के आंकड़े से 14,82 करोड़ रुपए (62.66 प्रतिशत) अधिक है. इस ऐतिहासिक उपलब्धि में सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों और निजी क्षेत्र का योगदान क्रमशः 54.84 प्रतिशत और 45.16 प्रतिशत रहा है. इस सफलता में सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों का योगदान रहा, जिसमें डिफेंस पीएसयू की हिस्सेदारी 54.84त्न और निजी क्षेत्र की 45.16प्रतिशत रही. भारत अब अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया समेत **100 से** अधिक देशों को सैन्य उपकरण निर्यात कर रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान और रक्षा नीतियों ने पिछले **10 साल** में उत्पादन और निर्यात में नई ऊँचाइयाँ हासिल करने में मदद की है.

मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय रक्षा उद्योग की यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को विश्व के शीर्ष रक्षा निर्यातकों में स्थान दिलाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा उत्पादन विभाग, भारतीय रक्षा निर्यातकों और अन्य सभी हितधारकों के इस अनुकरणीय प्रदर्शन की सराहना की है. रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायक नेतृत्व में भारत रक्षा निर्यात में प्रभावशाली सफलता की कहानी लिख रहा है.

# बीमार का इलाज सरकार की प्राथमिकता : योगी

- हर जरुरतमंदों को मिलेगा आवास



**गोरखपुर, 2 अप्रैल. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह गोरखपुर प्रवास के दौरान गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं.**

इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को आवास और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए हर संभव आर्थिक सहायता देने का भरोसा दिलाया. जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने बैठे लोगों के बीच पहुंचकर एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं. उन्होंने प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक तरीके से किया जाए. पुलिस से जुड़े मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए.

## मारकंडेय यादव को मुख्यमंत्री योगी ने दी श्रद्धांजलि

गोरखपुर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरक्षपीठ के अनन्य भक्त एवं वरिष्ठ समाजसेवी मारकंडेय यादव के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी. मुख्यमंत्री गुरुवार सुबह उनके पैतृक गांव लुहसी (पिपराइच) स्थित आवास पहुंचे और पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर अंतिम नमन किया. बताया गया कि मारकंडेय यादव का बुधवार सुबह मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था. वे गोरक्षपीठ के प्रति गहरी आस्था रखने वाले समाजसेवी थे. मुख्यमंत्री सुबह करीब सवा दस बजे लुहसी स्थित आवास पहुंचे. उन्होंने पार्थिव शरीर और चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए गुरु गोरखनाथ से प्रार्थना की.

# 11 केवी लाइन मानक से नीचे मिलने पर जेई निलंबित

**लखनऊ/गाजीपुर 02 अप्रैल. उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा के निर्देश पर विद्युत उपकेंद्र महरौर के अवर अभियंता (जेई) धर्मेंद्र पाल को विभागीय उत्तरदायित्व के निर्वहन में लापरवाही के आरोप में देर रात निलंबित कर दिया गया है.**

इसके साथ ही अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड जंगीपुर, गाजीपुर प्रवीण कुमार तिवारी को भी आरोप पत्र निर्गत किया गया है। दरअसल, एक दिन पूर्व बलिया जाते समय विद्युत वितरण मंडल गाजीपुर के अंतर्गत विद्युत वितरण खंड जंगीपुर के क्षेत्र में महरौर से रसड़ा मार्ग पर निरीक्षण के दौरान 11 केवी विद्युत लाइन मानक से अधिक नीचे पाई गई। इस गंभीर लापरवाही को संज्ञान में लेते हुए उनके द्वारा तत्काल संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मंत्री ए.के. शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि विद्युत व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही, विशेषकर सुरक्षा मानकों से जुड़ी अनदेखी, किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विद्युत लाइनों का मानकों के अनुरूप रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, जिससे आम जनता की सुरक्षा के साथ-साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनी रहे.

## मंत्रालय में सुरक्षा को लेकर बड़ी चूक 10,000 एंट्री कॉर्ड गायब

**मुंबई.** मुंबई स्थित मंत्रालय में डीजी ऐप के जरिए जारी किये गये लगभग 1ेे एंट्री कार्ड गायब होने का खुलासा होने से राज्य के प्रशासनिक मुख्यालय में प्रवेश नियंत्रण की गंभीर चूक सामने आयी हैं। यह मामला अधिकारियों के लिए एक बड़ी परिचालन चुनौती बन गया है, खासकर इसलिए क्योंकि बड़ी संख्या में आगंतुक अपना काम पूरा करने के बाद कॉर्ड वापस करना भूल गये। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस समस्या की गंभीरता तब स्पष्ट हुई जब रिकॉर्ड से पता चला कि हजारों आगंतुक अपना एक्सेस कॉर्ड जमा किये बिना ही परिसर से बाहर चले गये.

# उत्तराखंड पुलिस का सम्मान ऐतिहासिक उपलब्धि : धामी

- राष्ट्रपति पुलिस कलर से अलंकृत होने पर मुख्यमंत्री ने जताया गर्व
- उत्तराखंड पुलिस को मिला सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान



**देहरादून 02 अप्रैल. उत्तराखंड पुलिस को राष्ट्रपति पुलिस कलर से अलंकृत किया गया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आईपीएस दीपम सेठ द्वारा गुरुवार को इसकी जानकारी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को दी गई जिसपर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे राज्य के इतिहास का स्वर्णिम एवं गौरवपूर्ण अध्याय बताया.**

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लिए यह क्षण केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि गौरव, परंपरा और अदम्य सेवा भावना का जीवंत प्रमाण बनकर सामने आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान उत्तराखंड पुलिस को देश के उन चुनिंदा पुलिस बलों की श्रेणी में स्थापित करता है.

जिन्हें उनकी विशिष्ट और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए यह सर्वोच्च राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। उन्होंने डीजीपी सहित सभी अधिकारियों और जवानों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं.

## धामी करेंगे पुस्तक महोत्सव का शुभारंभ

**देहरादून.** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के परेड ग्राउंड में आगामी 4 से 12 तक नौ दिवसीय दून पुस्तक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को इस महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास भारत द्वारा यह महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। देहरादून के हरिद्वार रोड स्थित एक होटल में गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में नेशनल बुक ट्रस्ट के निदेशक युवराज मलिक ने बताया कि यह विचारों पुस्तकों संस्कृति का एक अनूठा समागम होगा .

# लोकप्रियता से घबराकर हो रही कार्रवाई

- 160 से अधिक कार्यकर्ता गिरफ्तार किए गए : केजरीवाल



नई दिल्ली/अहमदाबाद, 02 अप्रैल. आम आदमी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को पत्र लिखकर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है.

केजरीवाल ने दावा किया कि पिछले तीन महीनों में 160 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है, जो राजनीतिक दमन का संकेत है. उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय निकाय चुनाव से पहले पुलिस का इस्तेमाल कर विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है. पत्र में उन्होंने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर भाजपा इस तरह की कार्रवाई कर रही है. केजरीवाल ने विशेष रूप से आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ईशुदान गढ़वी की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए इसे लोकतंत्र के लिए चिंताजनक बताया. इन मामलों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और निर्दोष कार्यकर्ताओं को तुरंत रिहा किया जाए.

अरविंद केजरीवाल ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को लिखे एक पत्र में राज्य की भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार, दमन और राजनीतिक षड्यंत्र के गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा कि पिछले 30 वर्षों से गुजरात में भाजपा की सरकार है और इस दौरान जनता को एक मजबूत विकल्प नहीं मिल पाया, लेकिन अब आम आदमी पार्टी के रूप में एक नया विकल्प उभरकर सामने आया है.

# गोलीबारी की घटना में पूर्व सैनिक गिरफ्तार, एक की मौत

**मुंबई, 02 अप्रैल.** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के मुंब्रा क्षेत्र में एक पूर्व सेना कर्मी को व्यक्तिगत विवाद के चलते गोलीबारी कर एक व्यक्ति की हत्या और दो अन्य को घायल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के अनुसार, आरोपी 51 वर्षीय जयन शिवानंदन नायर ने गुरुवार सुबह करीब 11-3 बजे कैलाश नगर इलाके के पास मुंब्रा बाईपास पर कुछ लोगों पर गोली चला दी। इस घटना में अकबर अब्दुल शेख (29) की मौत हो गई, जबकि अब्दुल हसन शेख (45) और समीर अहमद शेख (32) गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को तत्काल एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां अकबर को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि अन्य दो का इलाज जारी है। घटना आरोपी की पालित बहन के साथ कथित उत्पीड़न को लेकर चल रहे विवाद का परिणाम थी.

## एआई से बांझपन के उपचार की पहल

**नई दिल्ली.** फर्टिलिटी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित बांझपन उपचार की की नयी पहल की गयी है। यह पहल अग्रणी गौडियम आईवीएफ ने की है.इस नयी तकनीक के तहत एआई-आधारित एम्ब्रायोलॉजी सिस्टम्स को नियमित उपचार प्रक्रिया में शामिल किया गया है. एम्ब्रियो के चयन को अधिक सटीक और डेटा-आधारित बनाने में मदद मिलती है.केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस पहल का उद्घाटन किया.

# केरल में बदलाव की लहर : पीएम मोदी

- कार्यकर्ताओं ने संवाद में भाजपा पर जताया भरोसा
- लोग भाजपा-एनडीए की ओर देख रहे हैं



**नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम, 02 अप्रैल. नरेंद्र मोदी ने केरल के पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए राज्य की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर अपनी बात रखी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने अनुभव साझा करते हुए एलडीएफ और यूडीएफ पर निशाना साधा.**

प्रधानमंत्री ने कहा कि इन दोनों गठबंधनों के वर्षों के कुशासन ने केरल के विकास को प्रभावित किया है और राज्य को पीछे धकेला है. उन्होंने यह भी कहा कि अब राज्य के लोग बदलाव चाहते हैं और भाजपा-एनडीए पर भरोसा जता रहे हैं. मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए पीएम मोदी ने संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर सक्रिय रहने का आह्वान किया. उन्होंने कार्यकर्ताओं के उत्साह और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यही ऊर्जा भविष्य में पार्टी की सफलता का आधार बनेगी. मोदी ने कहा कि केरल की जनता अब विकास, पारदर्शिता और सुशासन की ओर बढ़ना चाहती है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़ें और सरकार की योजनाओं एवं नीतियों को आम जनता तक पहुँचाने का काम करें. प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि उनका समर्पण और मेहनत ही पार्टी को मजबूत बनाती है. उन्होंने यह भी कहा कि मेरा बूथ, सबसे मजबूत जैसे कार्यक्रम संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने में अहम भूमिका निभाते हैं.

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव

## भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस पर साधा निशाना

**नई दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी )भाजपा) ने पश्चिम बंगाल के मालदा में न्यायिक अधिकारियों को तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा बंधक बनाने की निंदा करते हुए कहा कि राज्य में जंगलराज कायम है। पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पश्चिम बंगाल के मौजूदा हालात को देखते हुए ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि मालदा जिले में गहन विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान सात न्यायिक अधिकारियों को तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घेरकर बंधक बना लिया , जिनमें तीन महिला न्यायाधीश भी शामिल थीं। यह घटना राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े करती है। श्री भाटिया ने कहा कि ये अधिकारी शीर्ष न्यायालय के निर्देशों के तहत अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे, लेकिन उन्हें घंटों तक रोके रखा गया। उन्होंने दावा किया कि देर रात करीब बारह-एक बजे अधिकारियों को मुक्त कराया गया और जाते समय उनकी गाड़ियों पर पथराव भी किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह घटना न्यायिक अधिकारियों को डराने और एसआईआर प्रक्रिया में बाधा डालने की सुनियोजित साजिश का हिस्सा है। पश्चिम बंगाल में जंगलराज की स्थिति बन चुकी है, जहां अधिकारी भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को राज्य के पुलिस महानिदेशक से हस्तक्षेप करने के लिए कहना पड़ा, ताकि अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। भाटिया ने दावा किया कि शीर्ष न्यायालय ने भी इस मामले में राज्य सरकार को फटकार लगाई है और आवश्यक निर्देश दिए हैं। भाजपा ने इस घटना को लोकतांत्रिक व्यवस्था और कानून के शासन पर गंभीर हमला बताते हुए राज्य सरकार से जवाबदेही तय करने की मांग की है.



## पश्चिम बंगाल में फिर हिंसा, पुलिस भी निशाने पर

**बीरभूम.** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में गुरुवार को दो गुटों के बीच हो रही हिंसक झड़प को रोकने की कोशिश में सूरी सदर थाना प्रभारी (आईसी) सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए. यह विवाद कंकुरिया गांव में सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों के दो समूहों के बीच शुरू हुआ था, जिसने अंततः पथराव का उग्र रूप ले लिया. स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने पहले भी विवादित जमीन पर निर्माण कार्य को रोका था, लेकिन ठेकेदार और मजदूर जेसीबी मशीनों के साथ जबरन काम शुरू करने पहुंच गए. घटना की सूचना मिलते ही जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो भीड़ ने उन्हें निशाना बनाना शुरू कर दिया. पथराव में सूरी सदर थाने के निरीक्षक शैलेंद्र उपाध्याय के सिर में गंभीर चोट आई है.



## भजनलाल ने माय भारत पोर्टल के तहत ली बैठक

**जयपुर.** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को यहां माय भारत पोर्टल के तहत प्रदेश में की जा रही गतिविधियों को लेकर बैठक ली. मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस बैठक के दौरान श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि युवा शक्ति को लाभान्वित करने के लिए इस पोर्टल के तहत अधिक से अधिक गतिविधियां आयोजित की जाएं. बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित केन्द्र एवं राज्य सरकार के अधिकारी मौजूद थे.

**मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल**
आर-23, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स के पास, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल-462011
दूरभाष : 0755-2552663, फैक्स : 2552662, ई-मेल : bocboard@mp.gov.in

**प्रस्ताव निमंत्रण सूचना**

असंगठित श्रमिकों को बीमित किये जाने संबंधी विचाराधीन प्रस्ताव बाबत्, बीमा प्रक्रिया फ्रेमवर्क डिजाइनिंग, तकनीकी सहयोग, विधिक अनुपालन तथा हितग्राहियों के हित संरक्षण की दृष्टि से व्यवस्थित निगरानी तंत्र संबंधी कार्य हेतु पूर्णतः गैर वित्तीय आधार पर बीमा परामर्शी इम्पैनल किया जाना है।
इस हेतु बीमा क्षेत्र की परामर्शी संस्थाओं से उनके द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाली सेवाओं एवं शर्तों के सम्बन्ध में विस्तृत प्रस्ताव **दिनांक 10.04.2026 सायं 04:00 बजे तक** आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त प्रस्ताव बंद लिफाफे में निर्धारित दिनांक तक, **म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, कार्यालय आर-23, एम.पी. नगर, जोन-01, भोपाल में** प्रेषित किये जायें।
अधिक जानकारी हेतु कार्यालय **सचिव, म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, आर-23, एम.पी. नगर, जोन-01, भोपाल** में संपर्क किया जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/125184/2026 **सचिव**

**कार्यालय, श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति-उज्जैन**
Website : www.shrimahakaleshwar.com
Fax : 0734-2550144/2550563
क्र./महा./स्टोर/2026/850 उज्जैन, दिनांक : 01.04.2026

**निविदा विज्ञप्ति (खाद्यान्न सामग्री) द्वितीय**

Tender ID : 2026_MMPSU_495973_1
श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित लड्डू प्रसाद, श्री अन्न लड्डू प्रसाद, वैदिक शोध संस्थान, निःशुल्क अन्नक्षेत्र, नित्यभोग एवं अन्य आयोजित कार्यक्रमों में वर्ष 2026-27 में खाद्यान्न सामग्री (किराना) प्रदाय करने हेतु संबंधित व्यवसायीयों से ई-टेण्डर के माध्यम से ऑनलाइन दरें आमंत्रित की जाती है :-
कार्य का नाम : श्री महाकालेश्वर मंदिर में खाद्यान्न (किराना) सामग्री प्रदाय करने हेतु
कार्य की अनुमानित लागत : रु. 20,00,00,000/- (बीस करोड़)
निविदा की प्रतिभूति राशि : रु. 40,00,000/- (चालीस लाख)
टेण्डर डाक्यूमेन्ट की लागत : रु. 5000/- ( पांच हजार )
टेण्डर डाक्यूमेंट क्रय करने एवं बीड प्रस्तुत करने की दिनांक ई-टेण्डरिंग पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर Tender ID : 2026_MMPSU_495973_1 देखी जा सकती है। पोर्टल में उल्लेखित दिनांक अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।
म.प्र. माध्यम/125166/2026 **उप प्रशासक एवं डिप्टी कलेक्टर**

**कार्यालय नगर परिषद हर्रई, जिला- छिंदवाड़ा (म.प्र.)**
E-Mail cmoharaai@mpurban.gov.in
क्रमांक/688/न0प0/ ई- टेंडर/2026/हर्रई दिनांक- 01/04/2026

**द्वितीय निविदा सूचना**

नगर परिषद हर्रई जिला छिन्दवाडा (म0प्र0) द्वारा नगर विकास योजनांतर्गत साप्ताहिक आम बाजार वसूली के अधिकारो का हस्तांतरण करने के लिये ई निविदा ऑनलाईन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| टेंडर आई डी क्रमांक | ठेके का नाम | वसूली क्षेत्र | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र | आवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_484839_2 | साप्ताहिक आम बाजार | नगर परिषद सीमा क्षेत्र | 1192770.00 | 29820.00 | 2000.00 | 01.05.2026 से 31.03.2027 |

नोट :- 1. ई-निविदा वेबसाईट www.mptenders.gov.in के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी। 2. ऑनलाईन ई-निविदा प्रपत्र दिनाक 02/04/2026 प्रातः 18:55 से दिनाक 10/04/2026 को शाम 17.30 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं। 3. ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 10/04/2026 को शाम 17.30 बजे तक हैं तथा ई-निविदा दिनांक 11/04/2026 शाम 17:30 बजे से खोली जायेगी। 4. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद हर्रई**

**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No./3365/22/D-12/NIT-Maint./2026 Bhopal, Dated : 02.04.2026

**NOTICE INVITING TENDER No. 375/MTN/2026**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-

- **SSR Applicable : SSR issued by M.P Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.**
- **Table-1 : Name of Work - Repair/Maintenance of The Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Balaghat | 1 | 18559730.00 |
| 2. | Burhanpur | 1 | 7691154.00 |
| 3. | Damoh | 1 | 2561528.00 |
| 4. | Jabalpur | 2 | 42719123.00 |
| 5. | Katni | 1 | 37282537.00 |
| 6. | Khargone | 2 | 16307731.00 |
| 7. | Narmadapuram | 1 | 17315222.00 |
| 8. | Panna | 1 | 21667719.00 |
| 9. | Raisen | 2 | 13152445.00 |
| 10. | Satna | 4 | 95753040.00 |
| 11. | Seoni | 1 | 13924079.00 |
| 12. | Shajapur | 1 | 30723330.00 |
| 13. | Sidhi | 1 | 42806866.00 |

- **Table-2 : Name of Work - Repair/Maintenance of The Rural Roads for Ten Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Balaghat | 1 | 24067337.00 |
| 2. | Bhind | 3 | 24645480.00 |
| 3. | Khandwa | 1 | 10017930.00 |
| 4. | Khargone | 2 | 23378082.00 |
| 5. | Mandsaur | 1 | 8846598.00 |
| 6. | Neemuch | 3 | 37161693.00 |
| 7. | Ratlam | 2 | 30044681.00 |
| 8. | Shajapur | 1 | 12590180.00 |

- **Table-3: Name of Work – Repair / Maintenance of The Rural Roads for Fifteen Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Ashoknagar | 1 | 22385174.00 |
| 2. | Balaghat | 5 | 180140907.00 |
| 3. | Barwani | 1 | 16105204.00 |
| 4. | Betul | 1 | 16952761.00 |
| 5. | Dewas | 1 | 23577147.00 |
| 6. | Dhar | 3 | 49781591.00 |
| 7. | Jhabua | 1 | 3030730.00 |
| 8. | Khandwa | 1 | 8786302.00 |
| 9. | Khargone | 1 | 19542394.00 |
| 10. | Morena | 1 | 13218131.00 |
| 11. | Neemuch | 2 | 32779872.00 |
| 12. | Sagar | 1 | 4138895.00 |
| 13. | Sidhi | 1 | 26669974.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **07.04.2026 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **22.04.2026 (17:00 hrs.).**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**
M.P. Madhyam/125181/2026
"मेरी सड़क" ऐप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।